an>

Title: Need to repair and maintain national Highway in Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : सभापति महोदया, हमारे यहां हर साल बाढ़ आती है और इस बार कुछ अधिक बाढ़ आने की वजह से वहां की सड़कों की हालत बहुत खराब हो गई है। वहां सड़कों की हालत यह है कि सड़क में गड्ढा नहीं गड्ढे में सड़क हो गई है, जिससे चलना बहुत मुश्किल है, चाहे वह राष्ट्रीय राजमार्ग हो या राज्य सरकार की सड़क हो, दोनों की हालत बहुत खराब हो गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग 3629 किलोमीटर है और राज्य मार्ग 2455 किलोमीटर है। केन्द्र सरकार की तरफ से अभी तक उसकी मरम्मत के लिए कोई राशि उपलब्ध नहीं करवाई गई है, जबकि राज्य सरकार ने दोनों सड़कों की मरम्मत के लिए पैसों की मांग की है। मैं समझता हूं कि अभी तक पैसा नहीं दिए जाने की वजह से कार्य नहीं हो पा रहा है। किसी भी प्रदेश के विकास के लिए सड़क मार्ग दुरुस्त होना अनिवार्य है।[KMR79]

मैं समझता हूं कि जिस प्रदेश की सड़कें दुरुस्त नहीं होंगी, उस प्रदेश में विकास का सपना देखना बिल्कुल बेकार है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि राष्ट्रीय मार्ग की मरम्मत के लिए राशि आवंटित की जाये ताकि वहां की सड़कों की हालत ठीक हो सके। वहां आम लोगों का जीना दुर्लभ है क्योंकि आवागमन का रास्ता बिल्कुल अवरुद्ध हो गया है। लोगों को इस कठिनाई से निजात दिलाने के लिए सरकार यथाशीघ्र राशि आवंटित करके मदद करने का काम करे।

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : सभापति महोदया, संसद में एक भी मंत्री उपस्थित नहीं हैं। पूरा सदन खाली है। जीरो ऑवर बहुत महत्वपूर्ण समय होता है। ...(व्यवधान)

सभापति महोदया : मंत्री जी अभी उठकर गये हैं। वे आ रहे हैं। आप इंतजार तो कीजिए।

श्री वीरेन्द्र कुमार : मैम्बर्स इतने महत्वपूर्ण सवाल उठाते हैं, उनको सुनने वाला कोई नहीं है। ...(व्यवधान)

सभापति महोदया: सभी बातें रिकार्ड में जा रही हैं।

â€¦(व्यवधान)